# परप्रिेक्ष्य: डीपफेक से नपिटना

## प्रलिमि्स के लयि:

डीपफेक टेक्नोलॉजी, डीप सथिेसिस टेक्नोलॉजी, आर्टफिशियिल इंटेलजिेंस (AI), ब्लॉकचेन तकनीक, आईटी अधनियिम, 2000, आईटी नयिम, 2021, आईटी अधनियिम, 2000 की धारा 66D

## मेन्स के लयि:

डीपफेक टेक्नोलॉजी का प्रभाव, डीपफेक से नपिटना, इसके दुरुपयोग से उत्पन्न नैतकि चताएँ

## चर्चा में क्यों?

डीपफेक दुनयिा भर में लोकतंत्र और सामाजकि संस्थानों के लयि एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। सोशल मीडयिा प्लेटफॉर्मों के माध्यम से डीपफेक कॉन्टेंट के प्रसार ने इस चुनौती को बढ़ा दयिा है।

- **इलेक्ट्रॉनकि्स और सूचना प्रौद्योगकिी मंत्रालय** ने समय-समय पर सोशल मीडयिा प्लेटफॉर्मों को उचति नगिरानी करने और डीपफेक के खलिाफ शीघ्र कार्रवाई करने की सलाह दी है।

## डीपफेक क्या है?

- **परचिय:**
  - डीपफेक संश्लेषति मीडयिा है, जो आमतौर पर कसिी को धोखा देने या गुमराह करने के इरादे से दृश्य और ऑडयिो सामग्री में परविर्तन करने या नरि्माण करने के लयि आर्टफिशियिल इंटेलजिेंस (AI) का उपयोग करता है।
  - जब वर्ष 2017 में एक Reddit सदस्य ने मशहूर हस्तयिों की अश्लील फलि्में अपलोड कीं, तो पहली बार डीपफेक ने ध्यान आकर्षति कयिा। तब से घटनाओं की अन्य रपिोर्टें देखी गई हैं।
- **डीपफेक नरि्माण:**
  - डीपफेक **जेनरेटवि एडवरसैरयिल नेटवर्क (GANs)** नामक तकनीक का उपयोग करके बनाए जाते हैं, जसिमें दो प्रतस्पिर्द्धी तंत्रकिा नेटवर्क शामलि होते हैं: **एक जनरेटर/उत्पादक और एक डसि्क्रमीनेटर/वभिेदक**।
    - जनरेटर **नकली छवयिाँ या वीडयिो बनाने की** कोशशि करता है **जो यथार्थवादी दखिते हैं**, **जबकि वभिेदक असली और नकली के बीच अंतर करने** की कोशशि करता है।
    - **जनरेटर वभिेदक की प्रतक्रियिा से सीखता है और अपने आउटपुट में सुधार करता है,** जब तक कि वह वभिेदक को दुवधिा की स्थतिि में नहीं ला देता है।
  - **डीपफेक के लयि स्रोत और लक्षति व्यक्ति के फोटो या वीडयिो जैसे वृहद् डेटा की आवश्यकता होती है** , जसिे अक्सर उनकी सहमति या जानकारी के बनिा इंटरनेट या सोशल मीडयिा से एकत्र कयिा जाता है।
  - डीपफेक **गहन संश्लेषण का एक हसि्सा** है, जो आभासी दृश्य बनाने हेतु पाठ, चत्रि, ऑडयिो और वीडयिो उत्पन्न करने के लयि**गहन शक्षिण** और संवर्द्धति वास्तवकिता (Augmented reality) सहति प्रौद्योगकियिों का उपयोग करता है।

## डीपफेक टेक्नोलॉजी के  क्या उपयोग हैं?

- **फलि्म डबगि:**
  - डीपफेक तकनीक के उपयोग से वभिन्नि भाषाएँ बोलने वाले**अभनिेता सटीक लपि सकिगि कर** सकते हैं, **जसिसे दुनयिा भर के दर्शकों के लयि फलि्म की पहुँच और गहन गुणवत्ता बढ़ जाती है।**
    - उदाहरणतः मलेरयिा को समाप्त करने के लयि एक याचकिा शुरू करने हेतु एक वीडयिो बनाया गया था, जहाँ**डेवडि बेकहम, ह्यू जैकमैन और बलि गेट्स** जैसी मशहूर हस्तयिों ने डीपफेक तकनीक का उपयोग करके वभिन्नि भाषाओं में बात की ।

- **शक्षिा:**
  - शैक्षकि उद्देश्यों के लयि **ऐतहािसकि परदृिश्य का आवाज़ के साथ प्रदर्शन** जैसे **सकारात्मक वकिास गहन शक्षिण प्रौद्योगकिी** द्वारा संभव बनाए जा सकते हैं।
    - उदाहरण के लयि **अब्राहम लकिन के गेटसिबर्ग संबोधन का एक डीपफेक वीडयिो का उपयोग** छात्रों को अमेरकिी गृहयुद्ध के बारे में जानकारी देने के लयि कयिा जा सकता है।
- **कला:**
  - डीपफेक तकनीक का उपयोग कलाकारों के लयि स्वयं को अभवि्यक्त करने, वभिन्नि शैलयिों के साथ प्रयोग करने या अन्य कलाकारों के साथ सहयोग करने के लयि एक रचनात्मक उपकरण के रूप में कयिा जा सकता है।
    - उदाहरण के लयि **फ्लोरडिा में अपने संग्रहालय को बढ़ावा देने के लयि साल्वाडोर डाली का एक डीपफेक वीडयिो बनाया गया था**, जहाँ उन्होंने आगंतुकों के साथ बातचीत की और उनकी कलाकृतयिों पर टप्पिणी की।
- **संदेश का प्रवर्द्धन और उसकी पहुँच:**
  - डीपफेक तकनीक उन लोगों की आवाज़ और प्रभाव को बढ़ाने में मदद कर सकती है जनिके पास साझा करने के लयि महत्त्वपूर्ण संदेश हैं, वशिेषकर उन लोगों की जो भेदभाव, सेंसरशपि या हसिा का सामना करते हैं।
    - उदाहरण के लयि **सऊदी अरब सरकार द्वारा मारे गए एक पत्रकार का एक डीपफेक वीडयिो** अपना अंतमि संदेश देने और न्याय की गुहार लगाने के लयि **बनाया गया था**।
- **डजिटिल पुनर्नरि्माण और सार्वजनकि सुरक्षा:**
  - डीपफेक तकनीक **खोए या क्षतग्रिस्त डजिटिल डेटा को फरि से बनाने में मदद कर सकती है** , जैसे- पुरानी तस्वीरें या वीडयिो को पुनर्स्थापति करना, या कम गुणवत्ता वाले फुटेज को बढ़ाना।
  - यह आपातकालीन उत्तरदाताओं, कानून प्रवर्तन या सैन्य कर्मयिों के लयि यथार्थवादी प्रशक्षिण सामग्री बनाकर सार्वजनकि सुरक्षा को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकती है।
    - उदाहरण के लयि ऐसी स्थतिि में कैसे प्रतक्रियिा देनी है, इसके बारे में शक्षिकों को प्रशक्षिति करने के लयि**एक स्कूल शूटगि का डीपफेक वीडयिो** बनाया गया था।
- **नवाचार:**
  - डीपफेक तकनीक मनोरंजन, गेमगि या मार्केटगि जैसे वभिन्नि क्षेत्रों और उद्योगों में नवाचार को बढ़ावा दे सकती है। यह कहानी कहने, बातचीत, नदिान या अनुनय के नए रूपों को सक्षम कर सकती है।
    - उदाहरण के लयि संश्लेषति मीडयिा की क्षमता और समाज पर इसके प्रभाव को प्रदर्शति करने के लयि**मार्क जुकरबर्ग का एक डीपफेक वीडयिो बनाया गया था**।

## डीपफेक को लेकर वर्तमान चतिाएँ क्या हैं?

- **प्रक्रयािात्मक चतिाएँ:**
  - डीपफेक एक समस्या है क्योंकि इसका उपयोग वभिन्नि दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लयि कयिा जा सकता है:
    - **प्रचार-प्रसार** और फर्ज़ी खबरें फैलाना;
    - **चुनावों** और जनमत को **प्रभावति करना**;
    - व्यक्तयिों या संगठनों को ब्लैकमेल करना और **ज़बरन वसूली करना**;
    - मशहूर हस्तयिों, राजनेताओं, कार्यकर्त्ताओं और पत्रकारों की प्रतष्ठिा एवं वश्विसनीयता को नुकसान पहुँचाना;
    - **बनिा सहमति** और बदला लेने के लयि **अश्लील वीडयिो बनाना**।
    - डीपफेक वभिन्नि प्रकार से **नुकसान** पहुँचा सकता है, जैसे- **संस्थानों**, मीडयिा और लोकतंत्र के प्रति **वश्विास को कम करना** तथा वधिि के शासन एवं मानवाधकिारों को कमज़ोर करना।
    - डीपफेक तकनीक **व्यक्तयिों की गोपनीयता, गरमिा और प्रतष्ठिा का उल्लंघन कर सकती है** तथा पीड़तिों, वशिेषकर महलिाओं के मानसकि स्वास्थ्य और कल्याण को नुकसान पहुँचा सकती है, जो अक्सर इस तरह के दुर्भावनापूर्ण परवि‍र्तन का लक्ष्य होती हैं।
- **वधिकि चतिाएँ:**
  - अमेरकिा में डीपफेक वैधता जटलि है। **पीड़ति मानहानि का दावा कर सकते हैं, लेकनि सामग्री को हटाना सेंसरशपि के रूप में देखा जा सकता है**, यह संभावति रूप से पहले संशोधन का उल्लंघन है, जो धर्म, अभवि्यक्त‍ि, सभा और याचकिा की स्वतंत्रता की रक्षा करता है।
  - हालाँकि [भूल जाने का अधकिार](), उपयोगकर्त्ता को फेसबुक और गूगल जैसी उन कंपनयिों से अनुरोध करने की अनुमति देता है, जन्होंने उसका डेटा एकत्र कर इसे हटाने का अनुरोध कयिा है।
- **नैतकि चतिाएँ:**
  - डीपफेक का उपयोग **दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लयि कयिा जाता है, जसिमें बदला लेने के लयि पोर्न और चेहरे की पहचान प्रणालयिों को हैक करना शामलि है।**
  - वे मीडयिा में वश्विास को कम करते हैं और तथ्य एवं कल्पना के बीच की **रेखाओं को धुँधला करते हैं।**
  - **डीपफेक** द्वारा प्रचारति **फेक न्यूज़ को सच माना जा सकता है**, जसिसे संभावति सामाजकि अशांति की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## डीपफेक से नपिटने के लयि वैश्वकि दृष्टकिोण क्या है?

- **भारत:**
  - भारत में ऐसे वशिष्टि कानून या नयिम नहीं हैं जो डीपफेक तकनीक के उपयोग को प्रतबिंधति या वनियिमति करते हों।
  - भारत ने ["एथकिल" AI]() उपकरणों के वस्तिार पर एक वैश्वकि ढाँचे का आह्वान कयिा है।

- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 और 67A जैसे मौजूदा कानूनों में ऐसे प्रावधान हैं जो डीपफेक के कुछ पहलुओं पर लागू हो सकते हैं, जैसे- मानहानि से संबंधित कॉन्टेंट को प्रकाशित करना।
  - भारतीय दंड संहिता (1860) की धारा 500 मानहानि के लिये सज़ा का प्रावधान करती है।
  - डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 व्यक्तिगत डेटा के दुरुपयोग के खिलाफ कुछ सुरक्षा प्रदान करता है।
  - सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 दूसरों का प्रतिरूपण करने वाली सामग्री और कृत्रिम रूप से **रूपांतरित छवियों को 36 घंटों के अंदर** हटाने का आदेश देता है।
  - गोपनीयता, सामाजिक स्थिरता, **राष्ट्रीय सुरक्षा और** लोकतंत्र पर संभावित प्रभाव को देखते हुए भारत को विशेष रूप से डीपफेक को लक्षित करने के लिये एक व्यापक कानूनी ढाँचा विकसित करने की आवश्यकता है।
- **वैश्विक:**
  - हाल ही में दुनिया के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2023 में अमेरिका, चीन और भारत सहित 28 प्रमुख देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित जोखिमों को दूर करने के लिये वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।
    - शिखर सम्मेलन में **'ब्लेचली पार्क घोषणा'** में जान-बूझकर दुरुपयोग और AI प्रौद्योगिकियों पर नियंत्रण खोने के जोखिमों को स्वीकार किया गया।
  - **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी (GPAI)** शिखर सम्मेलन दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। शिखर सम्मेलन कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर नई दिल्ली घोषणा को अपनाने के साथ संपन्न हुआ।
    - घोषणा ने GPAI सदस्यों के बीच **सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद AI** को आगे बढ़ाने और GPAI परियोजनाओं की स्थिरता का समर्थन करने की प्रतिबद्धता पर आम सहमति व्यक्त की।
- **यूरोपीय संघ:**
  - **दुष्प्रचार पर यूरोपीय संघ की आचार संहिता के तहत** तकनीकी कंपनियों को संहिता पर हस्ताक्षर करने के छह महीने के भीतर डीपफेक और नकली खातों की समस्या का समाधान करने की आवश्यकता होती है।
    - गैर-अनुपालन की स्थिति में तकनीकी कंपनियों को अपने वार्षिक वैश्विक कारोबार का **6% तक जुर्माना भरना पड़ सकता है।**
  - यूरोपीय संघ ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को विनियमित करने के लिये **दुनिया का पहला व्यापक कानून पारित किया** है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट (AI एक्ट) का उद्देश्य **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिये एक सामान्य नियामक और कानूनी ढाँचा पेश करना है।**
    - मसौदा विनियमन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यूरोपीय बाज़ार में रखे गए और यूरोपीय संघ में उपयोग किये जाने वाले AI सिस्टम सुरक्षित हैं तथा मौलिक अधिकारों और यूरोपीय संघ के मूल्यों का सम्मान करते हैं।
- **संयुक्त राज्य अमेरिका:**
  - अमेरिका ने डीपफेक तकनीक का मुकाबला करने में **होमलैंड सिक्योरिटी विभाग** की सहायता के लिये **द्विदलीय डीपफेक टास्क फोर्स अधिनियम** पेश किया।
- **चीन:**
  - चीन ने **गहन संश्लेषण पर व्यापक विनियमन पेश किया**, जो वर्ष 2023 से प्रभावी होगा।
  - दुष्प्रचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विनियमन के लिये स्पष्ट लेबलिंग और डीपफेक सामग्री की ट्रेसबिलिटी की आवश्यकता होती है।
  - विनियम तथाकथित **"डीप सिंथेसिस टेक्नोलॉजी"** के प्रदाताओं और उपयोगकर्त्ताओं पर दायित्व निर्धारित करते हैं।
- **टेक कंपनियाँ:**
  - **मेटा और गूगल** जैसी बड़ी तकनीकी कंपनियों ने डीपफेक कॉन्टेंट की समस्या से निपटने के लिये उपायों की घोषणा की है।
    - हालाँकि उनके सिस्टम में अभी भी कमियाँ हैं,जो ऐसी सामग्री के प्रसार की अनुमति देती हैं।
  - **गूगल** ने वॉटरमार्किंग और मेटाडेटा सहित डीपफेक कॉन्टेंट की पहचान करने के लिये उपकरण पेश किये हैं।
  - **वॉटरमार्किंग जानकारी को कॉन्टेंट में शामिल करने से** यह संपादन के लिये प्रतिरोधी हो जाता है, जबकि मेटाडेटा मूल फाइलों को अतिरिक्त संदर्भ प्रदान करता है।

## डीपफेक के खतरे से निपटने के लिये क्या किया जाना चाहिये?

- **अन्य देशों से सीखना:**
  - डीपफेक के जीवन चक्र को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है- निर्माण, प्रसार और पता लगाना। AI विनियमन का उपयोग गैर-कानूनी या गैर-सहमति वाले डीपफेक के निर्माण में कमी लाने के लिये किया जा सकता है।
    - **चीन जैसे देश जिन तरीकों से इस तरह के विनियमन का रुख कर रहे हैं,** उनमें से एक यह है कि डीपफेक प्रौद्योगिकियों के प्रदाताओं को अपने वीडियो में मौजूद लोगों की सहमति प्राप्त करने, उपयोगकर्त्ताओं की पहचान सत्यापित करने और उन्हें सहारा देने की आवश्यकता है।
    - **डीपफेक से होने वाले नुकसान को रोकने के लिये कनाडाई दृष्टिकोण** में बड़े पैमाने पर जन जागरूकता अभियान और संभावित कानून शामिल हैं, जो दुर्भावनापूर्ण इरादे से डीपफेक बनाने और वितरित करने को अवैध बना देंगे।
- **सभी AI-जनरेटेड वीडियो में वॉटरमार्क जोड़ना:**
  - AI-जनरेटेड वीडियो में वॉटरमार्क जोड़ना प्रभावी पहचान और एट्रिब्यूशन के लिये आवश्यक है। वॉटरमार्क विभिन्न उद्देश्यों को पूरा करते हुए सामग्री की उत्पत्ति और स्वामित्व को प्रकट करते हैं। **वे सामग्री के निर्माता या स्रोत को, विशेषकर जब विभिन्न संदर्भों में साझा किया जाता है, स्पष्ट करने में सहायता करते हैं।**
    - दृश्यमान वॉटरमार्क अनधिकृत उपयोग के **खिलाफ एक निवारक के रूप में भी कार्य करते हैं**, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि सामग्री को उसके स्रोत पर वापस खोजा जा सकता है।
    - इसके अलावा **वॉटरमार्क मूल निर्माता के अधिकारों का प्रमाण प्रदान करके जवाबदेही का समर्थन करते हैं**, AI-जनरेटेड सामग्री के लिये कॉपीराइट और बौद्धिक संपदा सुरक्षा के प्रवर्तन को सरल बनाते हैं।

- **उपयोगकर्त्ताओं को अनुचित सामग्री अपलोड करने से रोकना:**
    - ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्त्ताओं को उनकी सामग्री संबंधी नीतियों के बारे में शिक्षित और सूचित करने के लिये कदम उठाने चाहिये तथा अनुचित सामग्री अपलोड करने से रोकने के लिये उपाय लागू करने चाहिये।
- **डीपफेक डिटेक्शन तकनीकों का विकास और सुधार:**
    - इसमें अधिक परिष्कृत एल्गोरिदम का उपयोग करने के साथ-साथ नए तरीकों को विकसित करना शामिल हो सकता है, जो उनके संदर्भ, मेटाडेटा या अन्य कारकों के आधार पर डीपफेक की पहचान कर सकते हैं।
- **डिजिटल प्रशासन और कानून को सुदृढ़ बनाना:**
    - इसमें **स्पष्ट और सुसंगत कानून एवं नीतियाँ बनाना** शामिल हो सकता है, जो डीपफेक के दुर्भावनापूर्ण उपयोग को परिभाषित और प्रतिबंधित करते हैं, साथ ही डिजिटल नुकसान के पीड़ितों और अपराधियों के लिये प्रभावी उपचार और प्रतिबंध प्रदान करते हैं।
- **मीडिया साक्षरता और जागरूकता बढ़ाना:**
    - इसमें **जनता और मीडिया को डीपफेक के अस्तित्व और संभावित प्रभाव के बारे में शिक्षित करना शामिल हो सकता है** । उपयोगकर्त्ताओं को संदिग्ध सामग्री को सत्यापित करने और रिपोर्ट करने के लिये कौशल एवं उपकरण प्रदान करना, जैसे:
        - **मीडिया में दृश्य और श्रव्य विसंगतियों पर नज़र रखना**।
        - मूल स्रोत या समान छवियों को खोजने के लिये **रिवर्स इमेज सर्च** का उपयोग करना।
        - छवियों या वीडियो की **गुणवत्ता, स्थिरता और प्रामाणिकता का विश्लेषण करने** के लिये **AI-आधारित टूल** का उपयोग करना।
        - मीडिया के स्रोत और अखंडता को सत्यापित करने के लिये **डिजिटल वॉटरमार्किंग** या [ब्लॉकचेन](ब्लॉकचेन) का उपयोग करना।
        - डीपफेक तकनीक और उसके निहितार्थों के बारे में **स्वयं को एवं दूसरों को शिक्षित करना**।
- **डीपफेक प्रौद्योगिकी के नैतिक और ज़िम्मेदारीपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना:**
    - इसमें डीपफेक तकनीक के रचनाकारों और उपयोगकर्त्ताओं के लिये आचार संहिता एवं मानकों को स्थापित करना तथा उन्हें लागू करना, साथ ही इसके सकारात्मक और लाभकारी अनुप्रयोगों को प्रोत्साहित करना शामिल हो सकता है।
- **ब्लॉकचेन-आधारित डीपफेक सत्यापन:**
    - डिजिटल मीडिया का कॉन्टेंट किसने बनाया, इसका अपरिवर्तनीय रिकॉर्ड बनाने और इसकी प्रामाणिकता को सत्यापित करने में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये **ब्लॉकचेन तकनीक** का उपयोग करना।
    - यह विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण व्यक्तियों को मीडिया की उत्पत्ति और संशोधन के इतिहास का पता लगाने की अनुमति देता है, जिससे दुर्भावनापूर्ण डीपफेक के निर्माण एवं प्रसार को हतोत्साहित किया जा सकता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

## ***??????????:***

**प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है?**

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट से स्पीच (Text- to- Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत ऊर्जा का बेतार संचरण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

---

## ***?????:***

**प्रश्न. "चौथी औद्योगिक क्रांति (डिजिटल क्रांति) के प्रादुर्भाव ने ई-गवर्नेंस को सरकार का अविभाज्य अंग बनाने की पहल की है"। विवेचना कीजिये। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/perspective-combating-deepfakes